# 8-”टोकरी में क्या है ?“

3H5KLD

गरमी की छुट्टियों का अंतिम दिन है। अदिति नानी के पास से अपने गाँव लौट रही है। उसके पिता जी लेने आए हैं। वह अपने घर जाने के लिए तैयार हो रही है।

नानी - अदिति ! मैंने इस टोकरी में कुछ बाँधकर रखा है। इसे भी अपने साथ ले जाना।

अदिति - अरे वाह! टोकरी में क्या है, नानी जी ?

नानी - तुम स्वयं अनुमान लगाकर बताओ, कि क्या हो सकता है?

अदिति - अच्छा, तो मुझे सोचने दो नानी जी! या तो इसमें मिठाई है, या फल!

नानी - फल है।



अदिति - अहा! तब तो इसमें अवश्य ही सेब होंगे नानी जी!

नानी - नहीं, सेब नहीं हैं, फिर से सोचो।

अदिति - ठीक है नानी, सोचती हूँ। अच्छा यह तो बताओ कि यह फल छोटे पौधे पर लगता है या पेड़ पर?

नानी - पेड़ पर।

अदिति - तब तो यह नारंगी है।

नानी - नहीं बिटिया, नारंगी भी नहीं है।

अदिति - अच्छा, यह पीला है या लाल ?

नानी - पीला है।

अदिति - तब यह आम होगा।

नानी - ना, ना, आम भी नहीं है।

अदिति - अच्छा, मुझे फिर से सोचने दो। इसकी आकृति कैसी है ?

नानी - गोल है।

अदिति - तब अमरूद होगा।

नानी - नहीं। अमरूद नहीं है।

अदिति - अच्छा यह स्वाद में कैसा है, मीठा, खट्टा या कसैला ?

नानी - इसका स्वाद खट्टा है।

अदिति - तब तो यह जरूर माल्टा होगा।

नानी - नहीं, बिटिया। तुम करीब-करीब तो पहुँच गई हो, फिर भी थोड़ा प्रयास करो।

अदिति - ठीक है, नानी, अच्छा बताओ। यह फल किस काम में आता है ?

नानी - यह अचार और शरबत बनाने के काम आता है।

अदिति - नानी ! अब मैं जान गई कि यह ....................... है।

नानी - हाँ, बिटिया! ठीक बताया। शाबाश!

## अभ्यास

1. **बोध प्रश्न**: उत्तर लिखिए -

(क) अदिति अपने घर क्यों लौट रही है ?

(ख) अदिति ने टोकरी में किन-किन फलों का अनुमान लगाया ?

(ग) वास्तव में वह फल कौन-सा था ?

2. नीचे लिखी पहेली को बूझिए और पूरा कीजिए - पहेली का उत्तर ”मूली“ है। अब प्रश्नों का उत्तर देने में अमन की सहायता कीजिए -

अमन - मैंने बाजार से कुछ खरीदा। यह मेरे थैले में है।

अंकिता - यह फल होगा या सब्ज़ी ?

अमन - .........

अंकिता - यह जमीन के ऊपर उगता है या अंदर ?

अमन - .........

अंकिता - यह सफेद है या रंगीन ?

अमन - .........

अंकिता - तब यह मूली है।

**एक पहेली और**

- यहाँ आपको प्रश्न बनाने हैं। उनके उत्तर दिए गए हैं। कोष्ठक में दिए गए संकेतों का उपयोग कर सुमन को प्रश्न बनाने में मदद कीजिए -

विमल - मेरे पास एक जानवर की तस्वीर है। क्या आप बता सकती हो कि यह तस्वीर किसकी है ?

सुमन - क्या यह जंगल में रहता है ?

विमल - नहीं, यह घर में रहता है।

सुमन - ......... (माँस)

विमल - नहीं, यह घास खाता है।

सुमन - ......... (सींग)

विमल - नहीं, इसके सींग नहीं होते हैं।

सुमन - ......... (तेज दौड़ता)

विमल - हाँ, यह तेज रफ्तार से दौड़ता है।

सुमन - ........ (ताँगा खींचता)

विमल - हाँ, यह ताँगा खींचता है।

सुमन - तब यह एक घोड़े की तस्वीर है।

इस प्रकार की पहेलियाँ आप भी बनाकर अपने मित्रों से पूछिए।

3. **अब करने की बारी -**

(क) इसके ऊपर ताल बनाओ, इसके ऊपर नहरें,

इसके ऊपर नदियाँ बहतीं, जिनमें उठतीं लहरें।

कोई इसमें बाग लगाता कोई करता खेती,

यह सबको देती है सब कुछ, पर किससे क्या लेती ?

बताओ कौन ?

(ख) बादल लेकर उड़ती हूँ

नहीं किसी को दिखती हूँ

(ग) अब एक पहेली आप भी लिखिए।

(घ) टोकरी में जो फल है वह कुछ बातों में दूसरे फलों से मिलता (समानता) है। जैसे -

- वह पेड़ पर लगता है
- वह पीला है
- वह गोल है
- वह खट्टा है

लेकिन कई बातों में अलग (अंतर) है।

आपके आस-पास की तमाम चीजों में कुछ बातें समान होती हैं जबकि कई बातों में अंतर होता है। नीचे की सूची में दी गई चीजों में क्या बातें समान हैं, क्या अलग (अंतर) है लिखिए -

नाम समानता अंतर

- कुत्ता - भैंस
- पेन - पेंसिल

- तितली - चिड़िया
- कॉपी - किताब
- मूली - गाजर

4. **मेरे दो प्रश्न**: पाठ के आधार पर दो सवाल बनाइए -

5. इस पाठ से -

(क) मैंने सीखा - ............

(ख) मैं करूँगी/करूँगा - ...........